## पेज 203

**प्रश्न 1:**

ऐसे तीन कारण लिखिए जिससे आप सोचते हैं कि आप बीमार हैं तथा चिकित्सक के पास जाना चाहते हैं। यदि इनमें से एक भी लक्षण हो तो क्या आप फिर भी चिकित्सक के पास जाना चाहेंगे? क्यों अथवा क्यों नहीं?

**उत्तर 1:**

ऐसे तीन कारण जिससे हम सोचते हैं कि हम बीमार हैं तथा चिकित्सक के पास जाना चाहते हैं, निम्नलिखित हैं:

- शरीर के कुछ अंग तथा तंत्र ठीक से कार्य न कर रहे हों।
- अनायास ही हमें थकान तथा कमजोरी प्रतीत हो।
- किसी भी प्रकार का शारीरिक कष्ट हो।

यदि ये लक्षण हमें दिखाई दें तो हम दवा ले या न लें परन्तु हमें चिकित्सक से परामर्श अवश्य लेनी चाहिए।

**प्रश्न 2:**

निम्नलिखित में से किसके लंबे समय तक रहने के कारण आप समझते हैं कि आपके स्वास्थ पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। तथा क्यों?

- यदि आप पीलिया रोग से ग्रस्त हैं।
- यदि आपके शरीर पर जूँ (*lice*) हैं।
- यदि आप मुँहासों से ग्रस्त हैं।

**उत्तर 2:**

पीलिया रोग लंबे समय तक रखने से यकृत ठीक से कार्य नहीं करता है। यकृत एक अति महत्वपूर्ण अंग है। इसमें किसी भी प्रकार की समस्या पाचन क्रिया पर बुरा असर डालती है। लंबे समय तक पीलिया रोग जानलेवा भी हो सकता है।